हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 25 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 38 .6 डिग्री
न्यूनतम 23 .2 डिग्री

11 मैत्री हैंडबॉल मुकाबले में लाडवा स्कूल की टीम विजेता



12 पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के लिए अभियान चलाया



## खबर संक्षेप

### चौधरीवास बिजलीघर से जुड़ी सभी फीडरों की बिजली बाधित रहेगी

**हिसार।** 132 केवी आर्यनगर से 132 केवी भोजराज के बीच नए टावर लाइन कार्य के चलते 33 केवी चौधरीवास बिजलीघर से जुड़ी सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति 25 जून को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। गंगवा सब डिवीजन के एसडीओ ने बताया कि बिजली निगम के अनुसार यह कटौती आवश्यक तकनीकी कार्य के चलते की जा रही है, जिससे क्षेत्र में भविष्य में बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित अवधि में कोई आवश्यक कार्य बिजली पर निर्भर हो तो पहले से योजना बनाकर कर लें। सब डिवीजन एसडीओ ने बताया कि जिन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, उन फीडरों में आरडीएस 11 केवी पनिहार, मुकलान, किसान फॉस्फेट इंडस्ट्रीज, मेट्रो फ्यूल इंडस्ट्रीज, बिमला इंडस्ट्रीज, चौधरीवास वाटर वर्क्स, चौधरीवास एपी तथा बड़वा एपी शामिल हैं।



### आईसीएआई एमएसएमई महोत्सव गुजवि में 27 को

**हिसार।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के तत्वावधान में 27 जून को एमएसएमई महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में इस महोत्सव का संचालन किया जाएगा। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि एमएसएमई हिसार सेंटर के ज्वाइंट डायरेक्टर जनक कुमार महोत्सव के मुख्यातिथि रहेंगे। एमएसएमई महोत्सव में सीए शुभम गोयल व सीए प्रदीप तायल मुख्य वक्ता होंगे और एनआईआरसी हिसार ब्रांच के सचिव सीए मुकुल मित्तल विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### फायरिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ और थाना एचटीएम पुलिस ने ईंट फेंकने और फायरिंग के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान शिव नगर निवासी सागर और न्यू महावीर कॉलोनी निवासी अरमान के रूप में हुई है। उप निरीक्षक जयवीर ने बताया कि थाना एचटीएम में शिव नगर निवासी अमन द्वारा शिकायत दी गई थी कि 16 जून की रात जब वह अपने भाई के साथ मकान की छत पर खड़ा था, तभी मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उन पर ईंटें फेंकी और जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों आरोपितों सागर और अरमान को गिरफ्तार किया गया। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की पहचान कर रही है तथा उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

### खाटू श्याम-सालासर 89वीं बस यात्रा पांच को

**आदमपुर।** आदमपुर, हिसार व आसपास के भक्तों के लिए श्री खाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार पांच जुलाई को 89वीं खाटू श्याम सालासर बालाजी पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए सेवा समिति के अध्यक्ष अमित गोयल व मुकेश गोयल ने बताया कि एकादशी पर धार्मिक माहौल में जा रही बस यात्रा में श्रद्धालु खाटू श्याम-सालासर बालाजी में दर्शन करेंगे। यात्रा में कलाकारों द्वारा भजनों की अमृतवर्षा व पांच लक्की ड्रा उपहार आकर्षण का केंद्र होंगे। यात्रा में जाने के लिए भक्त आदमपुर क्लाथ मार्केट में श्रीश्याम लाइब्रेरी पर संपर्क कर सकते हैं।

---

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय आंदोलन : छात्र न्याय महापंचायत ने विद्यार्थियों ने दिया सरकार व प्रशासन को अल्टीमेटम

# 26 तक करेंगे इंतजार, मांगे पूरी नहीं, तो 27 को यूनिवर्सिटी के चारों गेट बंद करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कुलपति को हटाने समेत अन्यों मांगों को लेकर आंदोलनरत हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने छात्र न्याय महापंचायत में सरकार व प्रशासन को 26 जून तक का अल्टीमेटम दिया है। विद्यार्थियों ने मंच से ऐलान किया कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गई तो 27 जून को एचएयू के चारों गेट को बंद कर देंगे। इसके अलावा आंदोलनकारी छात्र कमेटी में सामाजिक, कर्मचारी संगठन, ग्राम पंचायत, किसान, मजदूर, व्यापारी समेत सभी संगठनों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा और यही कमेटी भविष्य के आंदोलन को लेकर फैसला लेगी। मंच से विद्यार्थियों ने कहा कि यह निर्णय लेने के लिए विश्वविद्यालय पूरी तरह से जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि सरकार, पुलिस व विवि प्रशासन हमारी मांगों को पूरा करे न की हमें दबाने का प्रयास करे। हमारी आवाज दबने वाली नहीं बल्कि और अधिक बुलंद होने वाली है।

इससे पूर्व एचएयू गेट नंबर चार के सामने छात्र न्याय महापंचायत में सुबह 10 बजे से ही प्रदेश व दूसरे राज्यों से विभिन्न संगठनों से लोग पहुंचना शुरू हो गए थे। महापंचायत को किसान संगठन, छात्र संगठन, सामाजिक संगठनों के लोग समर्थन देने पहुंचे। छात्र न्याय महापंचायत में मंच का संचालन खुद छात्र ही कर रहे थे। धरने का समर्थन करने पहुंचे किसान नेताओं, विधायकों, छात्र नेताओं व कर्मचारी नेताओं को आंदोलनकारियों के साथ मंच के सामने जमीन पर बैठाया गया। करीब पांच घंटे चली छात्र न्याय महापंचायत में 50 से अधिक वक्ताओं ने संबोधित किया और आंदोलन को अपना समर्थन दिया। संबोधित करने वालों में 8 साल की लड़की से लेकर 80 साल तक के बुजुर्गों भी शामिल रहे। दिल्ली यूनिवर्सिटी, पंजाब यूनिवर्सिटी से आए विद्यार्थियों ने भी आंदोलन को अपना समर्थन दिया। वक्ताओं ने कुलपति के साथ प्रदेश सरकार को भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कुलपति को बर्खास्त करने की मांग को प्रमुखता से उठाया।



**हिसार।** छात्र न्याय महापंचायत को संबोधित करती छात्र नेता।

**आदित्य सुरजेवाला**

***छात्रों की आवाज दिल्ली व चंडीगढ़ तक जाएगी***

*छात्र आंदोलन का समर्थन करने पहुंचे कैथल से विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि छात्रों को न्याय दिलाने की इस लड़ाई में कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ है और सरकार को झुकाकर ही दम लेंगे। सरकार जब तक हकृवि के कुलपति, कुलसचिव, मुख्य सुरक्षा अधिकारी को नहीं हटाएंगे, तब तक लड़ाई जारी रहेगी। छात्रों के न्याय की आवाज दिल्ली व चंडीगढ़ तक जाएगी।*

**अर्जुन चौटाला**

***इनेलो व आईएसओ छात्रों के साथ***

*रानियां इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने छात्र न्याय महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी लड़ाई न्याय की है। आपको किसी के बहकावे में आकर अपने लक्ष्य से भ्रमित नहीं होना है। आपके द्वारा लिए गए हर निर्णय में इनेलो और आईएसओ आपके साथ हर समय खड़ी है। मेरे पिताजी अभय सिंह चौटाला स्वयं इसी यूनिवर्सिटी के छात्र रहे है।*

**सम्पत सिंह**

***बच्चों को लाठियों से पीटना बेहद शर्मनाक***

*पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रो. सम्पत सिंह ने कहा कि प्रदेश में विश्वविद्यालय का स्तर प्राथमिक स्कूलों से भी नीचे गिर चुका है। विश्वविद्यालय में बच्चों को लाठियों से पीटा जाता है, बेहद शर्मनाक घटना है। विश्वविद्यालय की जिम्मेवारी ऐसे लोगों को दी जिन्होंने न तो देशहित, न प्रदेश हित में और न ही जनहित का ध्यान रखा।*

### इन्होंने दिया समर्थन

महापंचायत में राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत, युद्धवीर सिंह, गुरनाम सिंह चढूनी, जगजीत सिंह डल्लेवाल, युद्धबीर सिंह, राजस्थान के सीकर से माकपा सांसद अमराराम, कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला, रानिया से विधायक अर्जुन चौटाला, जेजेपी के युवा विंग के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, पूर्व मंत्री प्रो. संपत्त सिंह, अनिल मान, एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, मनोज टाक, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सोरखी, पूर्व जिलाध्यक्ष दलबीर किरमारा, सेक्टर 16-17 आरडब्लूए प्रधान इंद्र सिंह मलिक, छात्र नेता कुलबीर ढुहन, हरिकेश ढांडा, सीटू से सतबीर सिंह, सुरेश कुमार, दिनेश सिवाच, किसान नेता रवि आजाद, अभिमन्यु कुहाड़, शमशेर नंबरदार, सुमन हुड्डा, दिलबाग सिंह हुड्डा, सरदानंद राजली, पगड़ी संभाल जट्टा संघर्ष समिति के अध्यक्ष मनदीप नथवान, सतीश बैनीवाल, एनएसयूआई से अविनाश कुमार, डॉ. संतोष दहिया सहित अन्य ने मौके पर पहुंच कर छात्रों को समर्थन दिया।

**राकेश टिकैत**

### सरकार बदल जाती है, यह तो वीसी हैं



भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार का इतना बुरा हाल है। पहले किसानों पर और अब छात्रों पर लाठी चली है। छात्रों के इस धरने की पूरे देश में चर्चा है। टिकैत ने आरोप लगाया कि देश के शिक्षण संस्थानों पर अलग विचारधारा का कब्जा होता जा रहा है। छात्रों की इस लड़ाई में संयुक्त किसान मोर्चा साथ है। जो भी फैसला कमेटी लेगा मोर्चा उसे लागू करवाने में पीछे नहीं हटेगा। टिकैत ने कहा कि सरकार बदल जाती है, यह तो वीसी है।

**दिग्विजय चौटाला**

### छात्रों पर जो लाठी उठाए, वो कैसा वीसी



जननायक जनता पार्टी के युवा विंग के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों पर जो हमला हुआ है वह एचएयू प्रशासन का बेहद कायरतापूर्ण रवैया है। चौटाला ने कहा कि जो कुलपति स्वयं लाठी उठाकर छात्रों पर लाठीचार्ज करे वो कैसा कुलपति। उन्हें कुलपति बनने का अधिकार ही नहीं है।

**गुरनाम सिंह चढूनी**

### जहां जरूरत होगी, पहले लाठी खाएंगे



भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि हम अभिभावक के तौर पर छात्रों के साथ खड़े हैं। जहां जरूरत होगी उसने पहले लाठी खाएंगे। अपने बच्चों को आंदोलन में अकेला नहीं छोड़ेंगे। संघर्ष की राह भले ही कठिन हो लेकिन हमेशा जीत का रास्ता निकालती है।

**छात्रों को न्याय नहीं दे सकते के किस बात के कुलपति : डल्लेवाल**

महापंचायत में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि जो कुलपति अपने विद्यार्थियों को न्याय नहीं दे सकता वह किस बात का कुलपति है। छात्र जो भी फैसला लेंगे, हम उनका साथ देंगे। उन्होंने कहा कि इससे बुरी बात क्या होगी कि युवाओं को अपने हक के लिए भी आंदोलन करना पड़े।

**शांति बनाए रखने के लिए धारा 163 लागू**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लघु सचिवालय व कोर्ट परिसर के आसपास कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश अनीश यादव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लघु सचिवालय व कोर्ट परिसर के आसपास 2 किलोमीटर के क्षेत्र में आग्नेयास्त्र, लाठी, तलवार, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, गंडासा, चाकू और अन्य हथियार लेकर चलने व विश्वविद्यालय परिसर के अंदर 5 या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर रोक लगाई है।

**हकृवि में 319 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मंगलवार को आयोजित की गई परीक्षाओं में 319 विद्यार्थियों ने अपनी नियमित परीक्षाएं दी। यह जानकारी देते हुए अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में आयोजित की गई परीक्षाओं में 319 विद्यार्थियों ने अपनी नियमित परीक्षाएं दी।

---

# सात लाख का प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरने पर भवन सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम आयुक्त नीरज के आदेशानुसार और अप निगम आयुक्त के निर्देश पर टैक्स ब्रांच की टीम ने विकास नगर में एक भवन को सील कर दिया। सचिव संजय शर्मा व सचिव राहुल सैनी ने बताया कि इस भवन अब तक 7 लाख रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया था। इसको लेकर भवन स्वामी को नोटिस भी जारी किया गया था। नोटिस के बाद भी भवन स्वामी ने टैक्स नहीं भरा। इसको लेकर नगर निगम की टीम ने मंगलवार को भवन सील कर दिया। उधर, निगमायुक्त नीरज ने कहा कि शहरवासी प्रॉपर्टी टैक्स समय पर भरें ताकि सीलिंग न करनी पड़े।



भवन को सील करते निगम कर्मी।

## हांसी रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव आज

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में स्थित उप मंडल रोजगार कार्यालय में 25 जून बुधवार को प्रातः 10 बजे से पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी द्वारा एक विशेष प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। यह ड्राइव विशेष रूप से महिला अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। यह जानकारी देते हुए सहायक रोजगार अधिकारी रितु जांगड़ा ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी के पास न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक या आईटीआई पास होना अनिवार्य है।

# शहरवासी भवन निर्माण पूरा होने के 7 दिन के अंदर उठाए ठोस कचरा, नहीं तो ट्राली चार्ज के साथ जुर्माना लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अकसर देखा जाता हैं कि दुकान या मकान के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर सीएंडडी वेस्ट को शहरवासी खुले में या सड़क के किनारे डाल जाते है, इसको लेकर नगर निगम ने एक अहम कदम उठाया है।

निगमायुक्त नीरज ने कहा कि शहवासी निर्माण करने के बाद बचे हुए सीएंडडी वेस्ट को अगले 7 दिनों में स्वयं उठवाएं अन्यथा नगर निगम के द्वारा सीएंडडी वेस्ट उठाया जाएगा। इसका नगर निगम प्रति ट्राली 700 रुपये चार्ज के साथ जुर्माना राशि भी ली जाएगी। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि शहरवासी यदि नगर निगम से सीएंडडी वेस्ट का उठान करवाता है तो 700 रुपये प्रति ट्रॉली चार्ज लिया जाएगा। इसमें नगर निगम के द्वारा सीएंडडी वेस्ट लोडिंग, ले जाना और नगर निगम द्वारा चयनित जगह पर अनलोडिंग करना रहेगा। अगर शहरवासी स्वयं सीएंडडी वेस्ट का उठान करे तो उसे नगर निगम द्वारा चयनित गांव सातरोड़ के नजदीक साउथ बाइपास स्टेडियम के नजदीक स्थान पर निःशुल्क डाल सकता है।

उन्होंने बताया कि सी एंड डी वेस्ट में मकान का टुटा हुआ मलबा, टूटी हुई टाईलें व मार्बल के टूकड़े, कंक्रीट आदि शामिल है।

**शहरवासी निगम का सहयोग करें**



शहर को साफ-स्वच्छ बनाने के लिए आप सभी नगर निगम का सहयोग करे। निर्माण कार्य पूर्ण होने पर ठोस कचरा नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थान पर स्वयं डाले या नगर निगम के द्वारा डलवाएं। सीएंडडी वेस्ट का उठान करे तो उसे नगर निगम द्वारा चयनित गांव सातरोड़ के नजदीक साउथ बाइपास स्टेडियम के नजदीक स्थान पर निःशुल्क डाल सकता है। *-प्रवीण पोपली, मेयर।*

---

हांसी नगर परिषद भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर फिर सुर्खियों में

# नगर परिषद के सेक्शन ऑफिसर का पंचकूला तबादला, रिटायर्ड एडीजी करेंगे मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी नगर परिषद कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार को लेकर एक बार फिर से विवादों के घेरे में आ गई है। इस बार परिषद में तैनात सेक्शन ऑफिसर रविंद्र सिंह पर ठेकेदारों से कमीशन लेकर बिल पास करने के आरोप लगाए गए हैं। सेक्शन अधिकारी के खिलाफ कमीशन लेकर बिल की पेमेंट किए जाने की मिल रही लगातार शिकायतों के बाद हरियाणा सरकार ने रविंद्र सिंह का यहां तबादला पंचकूला मुख्यालय कर दिया है। वहीं पूरे मामले की जांच रिटायर्ड एडीजी महेंद्र सिंह को सौंपी गई है, साथ ही उन्हें एक माह में जांच पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ठेकेदारों का आरोप- बिना कमीशन के नहीं होती पेमेंट

नगर परिषद हांसी में कार्य करने वाले ठेकेदारों ने विधायक विनोद भयाना को ज्ञापन सौंप कार्यरत सेक्शन ऑफिसर रविंद्र सिंह पर आरोप लगाए थे। ज्ञापन में ठेकेदारों ने कहा था कि सेक्शन ऑफिसर रविन्द्र सिंह उनकी पेमेंट किए जाने की एवज में 6 फीसद तक कमीशन की मांग करता है और जो ठेकेदार एसओ रविंद्र को कमीशन नहीं देता, उसके बिल की पेमेंट या तो रोक दी जाती है या उसके बिल में कमियां निकाल कर वापस कर दिया जाता है। ठेकेदारों का कहना है कि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा होने वाले बिलों का भुगतान आमतौर पर दो-तीन दिनों में हो जाना चाहिए, लेकिन एसओ रविंद्र सिंह जानबूझकर उनकी फाइलें रोक लेता है।

**विधायक ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र**




विधायक विनोद भयाना ने ठेकेदारों द्वारा नगर परिषद में कार्यरत अनुभाग अधिकारी रविंद्र सिंह पर 6 फीसद कमीशन लिए बिना पेमेंट नहीं करने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए 10 जून को मुख्यमंत्री नायब सिंह को पत्र लिखकर मामले की शिकायत की थी। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में विधायक ने अनुभाग अधिकारी रविंद्र सिंह का हांसी से मेवात तबादला करने की सिफारिश की थी।

**ठेकेदारों को दी जाती है धमकी**

मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि एसओ रविंद्र सिंह ठेकेदारों को धमकी देता है कि यदि कमीशन नहीं दिया, तो उनकी सालों तक पेमेंट नहीं होगी और उन्हें 6 फीसद से अधिक का नुकसान उठाना पड़ेगा। कई ठेकेदार काम पूरा होने के बाद भी अपनी पेमेंट को लेकर पिछले कई महीनों से नगर परिषद के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन अनुभाग अधिकारी की मनमानी के चलते उन्हें भुगतान नहीं मिल पा रहा है।

**एक महीने में रिपोर्ट देने के निर्देश**

मुख्यमंत्री कार्यालय और शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सेक्शन ऑफिसर रविंद्र सिंह का तबादला हेडक्वार्टर कर दिया है। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए रिटायर्ड एडीजी महेंद्र सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्हें एक महीने के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

**कोई किसी को बताकर शिकायत नहीं करता**

इस संदर्भ में जब नगर परिषद अध्यक्ष प्रवीण ऐलावादी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि नगर परिषद में काम करने वाले ठेकेदारों का हक बनता है कि कार्य होने के बाद उन्हें उनकी पेमेंट कर दी जाए। एसओ रविंद्र सिंह के कमीशन मांगने का मामला कभी मेरे संज्ञान में नहीं आया। न कभी ठेकेदारों ने उसे बताया कि पेमेंट को लेकर कोई अफसर उन्हें तंग करता है। इस मामले की मुझे कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि शिकायत करने वाले कभी किसी को बताकर शिकायत नहीं करते।

# ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी का किया 15 हजार का चालान

- हांसी पुलिस द्वारा इस प्रकार के उल्लंघनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा
- ट्रैफिक पुलिस, सभी थाना प्रबंधकों एवं चौकी प्रभारियों को एसपी के सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान ब्लैक फिल्म लगी एक गाड़ी का 15 हजार रुपए का चालान किया है। सब इंस्पेक्टर खुर्शीद आलम ने बताया कि बस स्टैंड पर वाहनों की चेकिंग के दौरान एक गाड़ी को जांच के लिए रोका तो उस गाड़ी के शीशों पर अवैध रूप से ब्लैक फिल्म लगी हुई थी। उन्होंने बताया कि गाड़ियों के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाना मोटर वाहन अधिनियम नियमों के अनुसार अपराध है। और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गाड़ी का 15 हजार रुपए का चालान कर मौके पर ही गाड़ी के शीशे पर लगी ब्लैक फिल्म को उतारा गया। वहीं पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने स्पष्ट किया है कि ब्लैक फिल्म लगाना कानूनन प्रतिबंधित है, क्योंकि इसका उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों को छुपाने के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि हांसी पुलिस द्वारा इस प्रकार के उल्लंघनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ट्रैफिक पुलिस, सभी थाना प्रबंधकों एवं चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।




**हांसी।** गाड़ी पर लगी ब्लैक फिल्म उतारते पुलिस कर्मचारी।



# अक्षरधाम में नजर आएंगे अक्षय फिल्म का पहला पोस्टर जारी

**मुंबई।** अक्षरधाम का निर्देशन केन घोष कर रहे हैं। फिल्म मेकर्स ने मंगलवार को अक्षरधाम का नया पोस्टर जारी कर फैंस को खुश कर दिया है। पोस्टर में अक्षय खन्ना का दमदार लुक देखकर नजर आ रहा है। सी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म अक्षरधामका पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'आतंक की एक शाम। बेमिसाल वीरता की एक रात। यहां अक्षरधाम ऑपरेशन वज्र शक्ति का पहला लुक है, एक ऐसी कहानी जिसे भारत कभी नहीं भूलेगा! ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। देखते रहिए। 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का यह पोस्टर फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। वह इस पोस्टर पर लाल दिल वाले और फॉयर इमोजी बरसा रहे हैं।

## लाइफ Style



# सारा

## जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इस शानदार लुक के साथ सारा ने एक खास शायरी भी लिखी है। सारा की इस शायरी पर उनके भाई इब्राहिम ने एक प्यारा कमेंट शायरी स्टाइल में दिया है।

सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस नए लुक में सारा ऑफ शोल्डर लाल जंप सूट में नजर आ रही हैं। फैंस को सारा का यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। फैंस ने उनके इस लुक पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। सारा ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में इस शानदार लुक के साथ एक शायरी लिखी। उन्होंने लिखा, 'लाल मेरे दिल का हाल है, आधा टाई आधा खुला मेरे बाल है, हाई हील्स में व्यस्त चाल है, लेकिन एल्बम लॉन्च के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि वाह क्या सुर और ताल है।' सारा ने आगे लिखा, 'जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है, कमाल है, कमाल है।' सारा की इस पोस्ट पर उनके भाई और एक्टर इब्राहिम अली खान ने भी शायरी में जवाब देते हुए सारा की तारीफ की है और साथ ही कहा कि तुम्हारी याद आती है बहन।' सारा की इस पोस्ट पर इब्राहिम अली खान ने कमेंट किया, 'तुम्हारी याद आती है बहन, तुम्हारे बिना लंदन कड़वा है, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं तुम्हारे पास जल्दी वापस आऊं और फिर निश्चित रूप से हम अपनी कलह शुरू कर देंगे। शायरी लिखना शायद मेरे खून में है और क्या बोलूं मेरी बहन सब से अच्छी है।'

## हॉलीवुड मसाला



# 24 वर्षों बाद एक साथ आए नजर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट की आगामी फिल्म 'एफ 1' का प्रीमियर लंदन में किया गया। इस दौरान कई दिग्गज सितारे शामिल हुए। हालांकि, यह प्रीमियर चर्चा का विषय तब बना, जब हॉलीवुड सुपस्टार टॉम क्रूज शो में भाग लेने पहुंचे और दोनों अभिनेताओं को साथ में करीब 24 साल बाद देखा गया। दोनों को आखिरी बार साल 2001 में 'अमेरिकाः ए ट्रिब्यूट टू हीरोज' कॉन्सर्ट में देखा गया था। टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्रैड पिट के साथ नजर आ रहे हैं।




# जोनस ने खुद को बताया भाग्यशाली

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस अपनी पत्नी और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की तारीफ का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वो अक्सर प्रियंका की तारीफ करते रहते हैं और उन्हें अपने लिए सबसे खास बताते रहते हैं। अब एक बार फिर निक जोनस ने पत्नी प्रियंका की तारीफ की है और खुद को लकी बताया है। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में निक और प्रियंका एक साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में निक एक चेयर पर बैठे हुए हैं और प्रियंका उनकी गोद में बैठी हुई हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए निक ने जो कैप्शन लिखा है, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। निक ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में सिर्फ 'लकी मी' लिखा है। साथ में उन्होंने एक रेड हार्ट भी बनाया है।



# शुरू किया निकिता रॉय का प्रमोशन...

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने यह स्टाइलिश लुक अपनी आगामी फिल्म निकिता रॉय के लिए लिया है। सोनाक्षी ने इस बेहतरीन लुक के साथ एक खास नोट भी लिखा है। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस लुक के साथ सोनाक्षी ने कैप्शन में लिखा, 27 जून को सिनेमाघरों में मिलते हैं। एक फैन ने लिखा, सर्विंग लुक फीट. निकिता रॉय, एक और फैन ने लिखा, ग्लोइंग, एक और फैन ने लिखा, ग्लैमरस, एक और फैन ने लिखा, सुंदर, एक और फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही है प्यारी सोना, एक और फैन ने लिखा, सोना फॉयर है'। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया।



# सबके सामने कॉल पर माफी मांगते रहे

**मुंबई।** सिंगर अरिजीत के गाए गानों के कई लोग फैन है, लोग उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट को भी एंज्वॉय करते हैं। अरिजीत के बॉलीवुड फिल्मों में गाए गाने भी खूब पॉपुलर होते हैं। हाल ही में एक इवेंट में देखा गया कि अरिजीत वीडियो कॉल पर हैं और वहां मौजूद लोगों से माफी मांग रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट था। इस फिल्म को दो गाने अरिजीत ने भी गाए हैं, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर सभी मौजूद थे, बस अरिजीत नहीं आ पाए। ऐसे में म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने अरिजीत को वीडियो कॉल लगाया। वायरल वीडियो में अरिजीज कॉल पर अपने फैंस से माफी मांगते दिखते हैं, क्योंकि वह इवेंट में नहीं आए पाए। काफी देर तक प्रीतम और अरिजीत वीडियो कॉल पर बात करते हैं।

## टीवी मसाला





# महारानी वेब सीरीज को मिल चुके हैं 10 से ज्यादा अवॉर्ड्स

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सीरीज के सचिव जी, प्रहलाद चा और प्रधान जी के किरदार ने सभी को अपना दीवाना बना लिया। अब इसकी पॉपुलैरिटी की वजह से इसका चौथा सीजन कुछ दिनों में सबके बीच आने वाला है। हालांकि, एक और वेब सीरीज है, जिसकी कहानी ने सबका मन मोह लिया। इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन भी मिल चुके हैं। इस वेब सीरीज का नाम है 'महारानी', जिसके अभी तक तीन सीजन सोनी लिव पर आ चुके हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसकी कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अभनेत्री ने रानी भारती का किरदार निभाया है और उन्हें राजनीति के लिए संघर्ष करते देखा जाता है। उनके किरदार ने दर्शकों और समीक्षकों को इस कदर प्रभावित किया कि इस सीरीज को कई अवॉर्डों से भी सम्मानित किया जा चुका है। हुमा कुरैशी अभिनीत 'महारानी' वेब सीरीज के तीन सीजन रिलीज हो चुके हैं। आईएमडीबी के मुताबिक इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन मिल चुके हैं। इसके लिए हुमा कुरैशी को आईटीए बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा ओटीटी) का भी सम्मान मिल चुका है। वहीं, एक्ट्रेस को फिल्मफेयर क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड में भी बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला। इसके अलावा अभिनेत्री और उनकी सीरीज 'महारानी' को कई अवॉर्ड्स के साथ-साथ कई बार नामांकित भी किया जा चुका है।

## सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है 'पंचायत'

**नई दिल्ली।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और साल का सबसे मच अवेटेड शो 'पंचायत सीजन 4' अब रिलीज हो चुका है। प्राइम वीडियो ने रात 12 बजे ही पंचायत के चौथे सीजन को स्ट्रीम कर दिया। अधिकांश लोग चौथे सीजन को देखने के बाद इसकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर सीरीज का रिव्यू करते हुए शो में कलाकारों के अभिनय और कहानी की तारीफ की। साथ ही इस सीजन में जो लव स्टोरी एड की गई है, उसकी भी तारीफ हो रही है। हालांकि, यूजर ने शो के कुछ एक सीन को बोरिंग बताया है। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, 'पंचायत सीजन 4 सिर्फ एक शो नहीं है, यह सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है। कहानी, स्क्रीनप्ले और इमोशन सब कुछ एकदम मास्टरक्लास है। यह आपको हंसाता है, रुलाता है, हर फ्रेम बोलता है। कुछ जीत खुशी नहीं लातीं, कुछ जीतें हार से ज्यादा दुख देती हैं। यह सच है, यही पंचायत है।'कई यूजर्स को चौथे सीजन में रिंकी और सचिव जी की आगे बढ़ती लव स्टोरी काफी पसंद आ रही है। फैंस इसकी तारीफ कर रहे हैं।




# वॉर 2 ने रिलीज से 51 दिन पहले बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 से धमाका करने वाले हैं। हाल में फिल्म की पहली झलक सामने आई थी जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म रिलीज के इंतजार में बैठे हैं। फिल्म में दो सुपरस्टार्स को एक साथ एक्शन करते देखना मजेदार होने वाला है। इस फिल्म को लेकर ऑडियंस में इतनी एक्साइटमेंट है कि मूवी टिकट बुकिंग प्लेटफार्म पर वॉर 2 को डेढ़ लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिले हैं। मतलब इतने लोगों ने फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले से फिल्म को देखने के लिए अपनी रुचि दिखाई है।

### दो बड़े स्टार एक साथ आएंगे नजर

ट्विटर पर एक फैन ने इस बात की जानकारी देते हुए लिखा, वॉर 2 पर डेढ़ लाख लोगों ने फिल्म देखने के लिए इंटरेस्ट दिखाया है। ये नतीजे फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले के हैं। ये फिल्म थिएटर पर धमाका करने वाली है। वॉर 2 को लेकर ऑडियंस में उत्साह है। इस फिल्म में पहली बार दो इतने बड़े सुपरस्टार एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच जबरदस्त एक्शन दिखने को मिलने वाला है। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट किया गया है।




### बजट और फीस

फिल्म के बजट की बात करें इस फिल्म को 200 करोड़ में बनाया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जूनियर एनटीआर ने अपनी फीस घटा कर सिर्फ 30 करोड़ में काम किया है। वहीं, सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने 48 करोड़ की मोटी रकम ली है। कियारा अडवानी ने ये फिल्म 15 करोड़ में की है। फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 32 करोड़ लिए हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हो रही है।

# सोनम ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान



*मुंबई। अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से नेटिजंस उनका बहुत मजाक उड़ा रहे हैं। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर। इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस अभिनेत्री का खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक यूजर एक्ट्रेस का मजाक बनाते हुए कहते हैं, 'इतना बड़ा बलिदान, आप इतने सारे बाल कैसे दान कर सकती हैं। आप पहचान में नहीं आ रही हैं, यह कब वापस उगेंगे। हे भगवान इन बालों से पूरे गांव के लिए विग बनाई जा सकती है।' एक और यूजर ने उन पर कटाक्ष करते हुए बोला, 'लग रहा है जैसे उन्होंने अपने बेकार बालों को काट दिए और उन डैमेज बालों को दान में दे दिया । वाह क्या सोच है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में गुस्से में लिखा कि ये 12 इंच नहीं, बल्कि छह इंच है। कुछ और यूजर्स ने अभिनेत्री के इस फैसले पर व्यंग्य किया है।*

## दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच हो जाती है मोहब्बत

# मेट्रो इन दिनों से लेकर बागबान तक में दिखा उम्रदराज जोड़े का प्यार

*नई दिल्ली। 'ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन'यह बॉलीवुड सॉन्ग प्यार के सच्चे अहसास को बयां करता है। बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच मोहब्बत हो जाती है। यहां तक की उम्रदराज जोड़ियों की मोहब्बत पर भी बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं। जल्द ही 'मेट्रो इन दिनों'में भी अनुपम खेर और नीना गुप्ता के किरदारों के बीच ऐसा ही रोमांस देखने को मिलेगा। इससे पहले भी कई फिल्मों में उम्रदराज जोड़ों के प्यार की कहानी को बड़ी खूबसूरती से बयां किया गया है।*




**लाइफ इन ए मेट्रो :** साल 2007 में फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' रिलीज हुई, फिल्म को अनुराग बसु ने ही निर्देशित किया था। फिल्म में अलग-अलग उम्र के लोगों की लव स्टोरीज दिखाई गई, इन्हीं में से एक लव स्टोरी धर्मेंद्र और नफीसा अली द्वारा निभाए गए किरदारों की थी। फिल्म में कई साल बाद एक जोड़ा मिलता है, अपने पुराने प्यार को अंजाम तक लेकर जाने की कोशिश करता था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नफीसा पर एक किसिंग सीन भी फिल्माया गया था।

**चीनी कम :** अमिताभ बच्चन और तब्बू की जोड़ी फिल्म 'चीनी कम (2007)' में नजर आई। आर बाल्की निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ और तब्बू के किरदारों के बीच मैच्योर किस्म का प्यार देखना फैंस के लिए नया एक्सपीरियंस था।





**बागबान :** फिल्म 'बागबान (2003)' एक फैमिली ड्रामा फिल्म थी, मगर पति-पत्नी के रोल में नजर आए अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी का प्यार ही फिल्म की कहानी का केंद्र था। उम्रदराज जोड़ा जब किन्हीं वजहों से एक-दूसरे से दूर हो जाता है तो इनका दर्द दर्शकों से भी नहीं देखा जाता है। आखिर में दोनों मिलते हैं और फिल्म हैप्पी एंडिंग पर खत्म होती है।



**बधाई हो :** फिल्म 'बधाई हो (2018)' में आयुष्मान खुराना के माता-पिता के रोल में नीना गुप्ता और गजराज राव नजर आए। इस जोड़े के बीच भी रोमांस दिखाया गया। फिल्म की कहानी इनके रोमांस और वर्षों बाद होने वाले बच्चे पर थी। यह सिचुएशन फिल्म में कॉमेडी की वजह भी बनती है, लेकिन आखिरी में फिल्म दर्शकों को इमोशनल कर जाती है। इस फिल्म के डायरेक्टर अमित रविंद्रनाथ शर्मा थे।

***इन फिल्मों में भी दिखा मैच्योर लव :*** *रोहित शेट्टी निर्देशित गोलमाल 3 (2010) में भी रतना पाठक और मिथुन चक्रवर्ती के बीच एक मैच्योर लव स्टोरी देखने को मिली। साल 2005 में 'प्यार में ट्विस्ट' नाम की एक फिल्म रिलीज हुई, इसमें ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया के किरदारों के बीच रोमांस दिखाया गया था। फिल्म को हृदय शेट्टी ने निर्देशित किया था।*

## खबर संक्षेप



### धर्म विज्ञान एवं समाज से जुड़ी है गाय : राजेंद्रानंद

**उकलाना।** श्री कृष्ण गोशाला में धेनु मानस के आयोजन तीसरे दिन राजेंद्रानंद महाराज ने कहा कि गोमाता धर्म विज्ञान एवं समाज के साथ जुड़ी हुई। धर्म जहां 33 करोड़ देवी देवताओं का वास गोमाता में है। वैज्ञानिक दृष्टि की बात करें तो गोमाता का कण-कण उपयोगी है। जहां उसके गोबर से किसान खुशहाल होता है, वहीं गोमूत्र से भी अनेक बीमारियों का इलाज संभव है। यह सब भारतीय गोमाता से ही संभव है। महाराज ने कहा कि समाज का कल्याण करने में भी गोमाता का विशेष योगदान है। परंपराओं के अनुसार गोमाता की पूजा से ही कल्याण संभव है जो पूरे समाज को एक करने का काम करती है।

### नारी नारायणी फाउंडेशन टीम ने हंसना सिखाया

**हिसार।** नारी नारायणी फाउंडेशन टीम ने हेल्थ वीरांगना ग्रुप की संचालिका सुनीला सिंह व उनके ग्रुप के साथ मिलकर विभिन्न व्यायाम व गतिविधियां की जिसमें टैपिंग, मालिश, एक्युप्रेशर व वास्तविक हंसना आदि शामिल थे। संचालिका सुनीला सिंह ने बताया कि वह बुजुर्ग लोगों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां व शारीरिक अभ्यास करवाती हैं ताकि वह स्वस्थ रहें। इस मौके पर संस्थापिका पूनम नागपाल, वीना अग्रवाल, निशा व सुनीता मित्तल, बबली, कुसुम जिंदल व मधु गर्ग आदि मौजूद थी।

### आम आदमी पार्टी की जीत पार्टी की नीतियों पर मुहर

**हिसार।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने पंजाब व गुजरात में हुए उपचुनावों में आम आदमी पार्टी की जीत प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि पार्टी उम्मीदवारों की यह जीत राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व पार्टी की नीतियों पर मुहर है। दलबीर किरमारा ने कहा कि आम आदमी पार्टी को गुजरात में उपचुनाव जिताकर वहां की जनता ने अलग ही पैगाम दिया है। इसी तरह पंजाब उपचुनाव में जीत ने साबित कर दिया है कि पंजाब की जनता भगवंत मान सरकार की नीतियों से खुश है। दलबीर किरमारा ने बिजली के मूल्यों में की गई बढ़ोतरी की भी निंदा की।

### बिजली दरें बढ़ाकर जनता पर किया आर्थिक हमला

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता वजीर सिंह पूनिया ने हरियाणा में बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने एक अप्रैल 2025 से लागू की गई नई बिजली दरें और फिक्स्ड चार्ज प्रदेश की जनता, विशेषकर छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए विनाशकारी सिद्ध होंगी। यह नीतियां न केवल जनविरोधी हैं, बल्कि आर्थिक रूप से कमर तोड़ने वाली भी हैं। वजीर सिंह पूनिया ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों व बार बार रेट बढ़ाए जाने के कारण हरियाणा में बिजली चार गुना महंगी हो गई है।

विश्व हैंडबॉल दिवस एवं विश्व ओलंपिक डे पर प्रतियोगिता का आयोजन

# मैत्री हैंडबॉल मुकाबले में शंकराय डिफेंस को हरा लाडवा स्कूल की टीम बनी विजेता

सरपंच बोले- लाडवा के 100 से अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर और 10 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाडवा में विश्व हैंडबॉल दिवस एवं विश्व ओलंपिक डे मनाया गया। यह आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय कर की गई। इस अवसर पर मैत्री हैंडबॉल मैच का आयोजन भी किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा खेल नर्सरी व शंकराय डिफेंस अकादमी के बीच खेला गया। मैच में लाडवा स्कूल की टीम 23-22 से विजेता रही । मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा व जिला पार्षद जसबीर सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रामफल पूनिया ने की। हैंडबॉल कोच अशोक पूनिया व महावीर पूनिया ने बताया किया कि लाडवा में यह दिन हर वर्ष एक खेल-पर्व की तरह मनाया जाता है। सरपंच रामफल पूनिया ने कहा कि ग्राम पंचायत लाडवा द्वारा गांवों के उत्कृष्ट हैंडबॉल खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं कोचों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि लाडवा के 100 से अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर और 10 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर चुके हैं। वहीं, 40 से अधिक खिलाड़ी खेल कोटे से सरकारी सेवाओं में चयनित हुए हैं।






हिसार। केक काटकर विश्व हैंडबॉल दिवस एवं ओलंपिक डे मनाते हुए। व फुटबॉल समर कैंप में हिस्सा लेते खिलाड़ी।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर नरेश कुंडू, कुलदीप पूनिया, रणबीर फौजी, राजेंद्र कमांडो, राजेंद्र सिहाग, प्रवीणा सिहाग, सुरजीत पूनिया, डी पी ई मनोज भड़, दीपक पंवार, कोच संदीप पूनिया, प्रदीप लांबा, मनबीर शर्मा, अजय श्योराण, सोमबीर शर्मा, प्रदीप जांगड़ा, विकास आदि मौजूद थे।

## फुटबॉल समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आजाद नगर स्थित सक्सैस रूट फुटबॉल अकेडमी में फुटबॉल समर कैंप का समापन हुआ। संजीव ने बताया कि 12 दिवसीय कैंप में करीब 60 खिलाड़ियों ने फुटबॉल के विविध कौशल सीखे और खेल भावना का परिचय दिया। कैंप के समापन समारोह में डॉ. विकास पूनिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि अनुशासन और टीम वर्क की भावना भी विकसित करता है। उन्होंने आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।



हिसार । गुजवि में कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यातिथि प्रो .विनोद छोकर।

## गुजवि के एमएमटीटीसी में शुरू हुआ इंडक्शन कार्यक्रम

- शिक्षक होता है राष्ट्र का निर्माता : प्रो. छोकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र (एमएमटीटीसी) के सौजन्य से फैकल्टी इंडक्शन कार्यक्रम-08 शुरू हुआ है। कुलपति के तकनीकी सलाहकार (प्रशासनिक) प्रो. विनोद छोकर इस इंडक्शन कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। एमएमटीटीसी के कॉन्फ्रेंस हॉल में शुरू हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएमटीटीसी की निदेशिका प्रो. सुनीता रानी ने की। एमएमटीटीसी के उप निदेशक डा. हरदेव सिंह तथा डा. अनुराग सांगवान कार्यक्रम के समन्वयक हैं।

मुख्यातिथि प्रो. विनोद छोकर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक वास्तव में राष्ट्र का निर्माता होता है। वह अपने शिष्यों को एक जिम्मेदार तथा महान नागरिक के रूप में तैयार करके राष्ट्र के प्रति अपने पवित्र दायित्व का निर्वहन करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपने संस्थान की हर गतिविधि में भाग लेना चाहिए।

निदेशिका प्रो. सुनीता रानी ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञान व कौशल में वृद्धि करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उपनिदेशक डॉ. हरदेव सिंह ने बताया कि इस इंडक्शन कार्यक्रम में 19 शिक्षक भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम 19 जुलाई तक चलेगा। डॉ. अनुराग सांगवान ने उद्घाटन समारोह का संचालन किया।

## विद्यार्थियों ने सीखा प्रशासनिक कामकाज

- राजकीय महाविद्यालय के संयुक्त कार्यालय परिसर में इंटर्नशिप के तहत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों का एक दल इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में पहुंचा। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विभागों की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया। इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया और उन्हें प्रशासनिक कार्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों तथा व्यक्तिगत विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विविध प्रश्नों के स्पष्ट, ज्ञानवर्धक तथा प्रेरणादायक उत्तर दिए। एसडीएम ने विद्यार्थियों को दिए महत्वपूर्ण संदेश जीवन में अनुशासन और कठिन परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए एसडीएम ने कहा कि जो विद्यार्थी नियमितता और समर्पण से अपने कार्य में लगे रहते हैं, वे निश्चित रूप से लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पर्यावरण संरक्षण और सड़क सुरक्षा नियमों इत्यादि के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए इन विषयों की जानकारी आवश्यक है। विद्यार्थियों ने इस इंटर्नशिप अनुभव को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। इस दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने इच्छुक विद्यार्थियों के लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के निर्देश दिए। संबंधित कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के कागजातों को चैक कर ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया पूर्ण की।



हांसी। इंटर्नशिप करने आए विद्यार्थियों से बातचीत करते एसडीएम राजेश खोथ।

## उपचुनाव में दो सीटें जीतने पर आम आदमी पार्टी ने जश्न मनाया

- गुजरात और पंजाब में हुए थे उपचुनाव, आप जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आम आदमी पार्टी ने भाजपा के गढ़ गुजरात में व पंजाब उपचुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर मंगलवार दोपहर पूर्व मटका चौक पर जश्न मनाया। पार्टी के जिला प्रधान राजेन्द्र सोरखी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने क्रांतिमान पार्क में एकत्र होकर पार्टी की जीत पर एक-दूसरे को बधाई दी। पार्टी के झंडे लिये कार्यकर्ताओं ने मटका चौक पर आकर लड्डू बांटे। पार्टी के जिला प्रधान राजेन्द्र सोरखी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता व पार्टी की नीतियों का ही परिणाम है जो मतदाताओं ने दोनों सीटों पर भारी मतों से जिताया। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रधान दलबीर किरमारा, संगठन मंत्री संजय सातरोडिया, युवा प्रधान संदीप सातरोड़, भीमसिंह महेशवाल, पूर्व सरपंच जोगेन्द्र लाडवा, उमेश शर्मा, मंदीप बेरवाल, राजेन्द्र राणा, सुभाष बंसल, संदीप, श्रीकांत योगी, राजेन्द्र नेहरा, राजकुमार, बलजीत बेरवाल सीसर, देवेन्द्र ढांडा, शमशेर श्योराण सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



हिसार । उपचुनाव में दो सीटों पर जीत मिलने पर जिला प्रधान राजेन्द्र सोरखी के नेतृत्व में जश्न मनाते आप नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि



हिसार। हरित योग कार्यक्रम के तहत पौधा भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में हरित योग कार्यक्रम का आयोजन

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में 23 से 30 जून तक हरित योग सप्ताह के रूप में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के प्रांगण में विभिन्न विभागों के स्टाफ सदस्यों द्वारा पौधरोपण किया गया तथा संस्थान में प्रवेश लेने वाले नवागंतुक छात्रों को भी पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था, बल्कि छात्रों और स्टाफ के बीच हरियाली के प्रति आत्मीयता भी विकसित करना था। कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्षों, कार्यशाला अधीक्षक और अन्य स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने भी स्वयं पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की और सभी स्टाफ सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

## आचार्य कार्तिकेय को मिला अंतरराष्ट्रीय सनातन धर्म ज्योतिष रत्न अवार्ड

- ध्रुव तारा एस्ट्रो फाउंडेशन द्वारा इंडोनेशिया के बाली में कार्यक्रम का अयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ध्रुव तारा एस्ट्रो फाउंडेशन द्वारा इंडोनेशिया के बाली में अन्तरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में हिसार के श्री महामृत्युंजय अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के ज्योतिषाचार्य कार्तिकेय ने भाग लिया जिन्हें सम्मेलन में 'अन्तरराष्ट्रीय सनातन धर्म ज्योतिष रत्न अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें 'ज्योतिष ब्रिलियंस इंटरनेशनल अवॉर्ड' से भी नवाजा गया।

इस सम्मेलन भारत अनेक राज्यों से विभिन्न ज्योतिषियों ने हिस्सा लिया जिनमें मुख्य रूप से हरियाणा से आचार्य कार्तिकेय, हनुमानगढ़ राजस्थान से डॉक्टर दिलबाग राय भाटिया, गुजरात से ज्योतिषी दीपक भट्ट, जयपुर से गोपाल मिश्रा आदि शामिल थे। आचार्य कार्तिकेय ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य की समझ को योग के माध्यम से जागृत करके हम ग्रहों के नकारात्मक प्रभावों को सकारात्मकता में बदल सकते हैं।



हिसार । इंडोनेशिया के बाली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में आचार्य कार्तिकेय को सम्मानित करते आयोजक।



हिसार। संबोधित करते बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ तथा सुपरवाइजरों को विशेष प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ तथा सुपरवाइजरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना है।

बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार जिले के सभी सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (प्रथम व द्वितीय), समर्पित एईआरओ तथा थर्ड डिम द्वारका, नई दिल्ली में पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मतदाता सूची, फार्म प्रक्रियाएं, चुनाव संचालन नियमों तथा चुनावी आईटी उपकरणों के साथ-साथ ईवीएम और वीवीपैट संचालन का भी व्यवहारिक ज्ञान दिया गया।

फायर एनओसी मिलने वाली हिसार जिले की पहली राजस्व इमारत

# हांसी के संयुक्त कार्यालय परिसर भवन को मिला अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र

- परिसर में आधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टम स्थापित करने पर लगभग 47 लाख रुपये खर्च
- धुआं दठते ही स्वचालित अलार्म प्रणाली देगी संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

संयुक्त कार्यालय परिसर भवन को अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। इस इमारत को अग्नि समन विभाग, पंचकूला द्वारा अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। इस प्रकार यह हिसार जिले की पहली राजस्व इमारत बन गई है, जिसे यह प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।
भवन एवं सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल नरवाल ने मंगलवार को अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र एसडीएम राजेश खोथ को औपचारिक रूप से प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।



हांस। एसडीएम राजेश खोथ को अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र सौंपते कार्यकारी अभियंता अनिल नरवाल व अन्य

**आधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टम**

एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि यह एनओसी अग्नि सुरक्षा मानकों की पूर्ण पालना एवं फायर सेफ्टी सिस्टम की सफल स्थापना के उपरांत जारी की गई है। संयुक्त कार्यालय परिसर में आधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टम स्थापित करने पर लगभग 47 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। बिल्डिंग में फायर सेफ्टी सिस्टम लगाने का कार्य तीन महीने की अवधि में पूर्ण किया गया। इस फायर सेफ्टी सिस्टम के तहत भवन में धुआं उठने की स्थिति में स्वचालित अलार्म प्रणाली सक्रिय होकर सतर्कता संकेत देने लगेगी, जिससे किसी भी आकस्मिक अग्निकांड की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**3 जुलाई को करेंगे मॉक ड्रिल**

उन्होंने बताया कि फायर एनओसी की प्राप्ति के उपरांत आगामी 3 जुलाई को संयुक्त कार्यालय परिसर में मॉक ड्रिल (अभ्यास सत्र) का आयोजन किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य सभी कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में त्वरित व सुनियोजित प्रतिक्रिया सिखाना है।

**हर 3 वर्ष में नवीनीकरण अनिवार्य**

भवन एवं सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल नरवाल ने बताया कि सभी मापदंडों पर खरा उतारने के उपरांत ही यह प्रमाण पत्र किसी इमारत को प्रदान किया जाता है। यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाली यह पहली राजस्व इमारत है। हांसी के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह भवन को भी अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है। प्रत्येक तीन वर्ष में इस फायर एनओसी का नवीनीकरण करवाना अनिवार्य होगा, जिससे कि भवन की अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित बनी रहे।

**जन-सुरक्षा की दिशा में कदम : एसडीएम**

एसडीएम राजेश खोथ ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि फायर सेफ्टी आज के दौर की मूलभूत आवश्यकता है। यह एनओसी केवल एक कागजी कार्यवाही नहीं, बल्कि जन-सुरक्षा की दिशा में एक ठोस कदम है। इस कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए लोक निर्माण विभाग, अग्नि समन विभाग तथा सभी अन्य सहयोगी अधिकारियों की भूमिका सराहनीय रही है।

### सेवा संघ का योग शिविर 26 से अर्बन एस्टेट में

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ की बैठक पुरानी सब्जी मंडी रोड पर अध्यक्ष विनोद गोयल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के तत्वावधान में तीन दिवसीय योग शिविर 26 से 28 जून तक अर्बन एस्टेट-।। के हुडा पार्क में लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष विनोद गोयल व राजेंद्र अग्रवाल के अलावा राष्ट्रीय सचिव विनोद धवन, प्रांतीय सचिव संदीप भाटिया, जतिन वधवा, संजीव राजपाल मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, अमित पुत्र श्री जगदीश निवासी माढा, तह. नारनौंद, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, पासपोर्ट में नाम अमित पुत्र श्री जगदीश है और ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम अमित कुमार पुत्र श्री जगदीश है। जो गलती से हो गया था। मेरा नाम अमित पुत्र श्री जगदीश सही है। मैं अपने ड्राइविंग लाइसेंस में नाम अमित पुत्र श्री जगदीश दर्ज करवाना चाहता हूँ।

## खबर संक्षेप

### जगदम्बा सरस्वती का पुण्य स्मृति दिवस मनाया

**हिसार।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) का स्मृति दिवस ज्योतिपुरा मोहल्ला केंद्र में मनाया गया। इस मौके पर उनकी याद में ब्रह्ममुहूर्त से ही योग-तपस्या का दौर शुरू हुआ। लगभग 500 ब्रह्मा वत्सों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया जिनमें ब्रह्माकुमारी अनीता, अंतिमा, नीरज, मंजू, डॉ. राकेश मलिक, ओपी आर्य, डॉ. सोमप्रकाश, डॉ. राकेश कौशिक, महेश, अमन आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। हिसार केंद्र की संचालिका रमेश कुमारी ने बताया कि 1919 में अमृतसर के साधारण परिवार में मम्मा का जन्म हुआ था। बचपन का नाम ओम राधे था।

### रोटरी क्लब ने महिला आश्रम को 3 लाख की राशि भेंट की

**हिसार।** रोटरी क्लब हिसार ने एक कार्यक्रम के दौरान भाग्य श्री महिला आश्रम को तीन लाख रुपये की राशि भेंट की। इस अवसर पर रोटरी क्लब हिसार के प्रधान मोहित गुप्ता ने कहा कि निःस्वार्थ भावना से किया भलाई का कार्य व जरूरतमंदों की सहायता कभी व्यर्थ नहीं जाती और वह कार्य हमेशा सफल होता है। गुप्ता ने बताया कि रोटरी हिसार को जनकल्याण व समाज हित कार्य करते 55 साल हो गये हैं। इस मौके पर भाग्य श्री महिला आश्रम की संचालिका बाला वर्मा, सुमन गुप्ता, बलवान सिंह, हिमांशु आदि मौजूद थे।

### अमरनाथ के लिए भेजी जाएगी खाद्य सामग्री

**हिसार।** श्रीशिव सेवक मंडल की बैठक में मंडल प्रधान डॉ. महिपाल मुंजाल की अध्यक्षता में 25 जून को पंजाबी भवन से अमरनाथ भंडारे के लिए खाद्य सामग्री से भरे तीन ट्रक सहित चार वाहन भेजने का निर्णय लिया गया। प्रातः 9 बजे हवन किया जाएगा। हवन उपरांत ट्रकों को श्रीनगर के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। सेवादार जगदीश रहेजा ने बताया कि अमरनाथ यात्रा के दौरान मंडल द्वारा श्रीनगर में पैंथा चौक पर लगाए जाने वाले 14वें भंडारे की तैयारियों पर चल रही हैं। भंडारा 3 जुलाई से लेकर 9 अगस्त तक चलेगा। मंडल से जुड़े अनेक सेवादारों की अलग-अलग ड्यूटियां लगाई गई हैं, जो भंडारे का सारा कार्य संभालेंगे।

### पुलिस ने दो उद्घघोषित आरोपी किए गिरफ्तार

**हांसी।** जिला भर में उद्घघोषित अपराधी व बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान दौरान पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने शहर थाना में दर्ज मामले में उद्घघोषित आरोपी गांव डाटा व हाल रामसिंह कालोनी निवासी रोहणी व चैक बाउंस मामले में आरोपी लाल सड़क निवासी लवीश को गिरफ्तार किया है।

### निःशुल्क शिविर में 120 लोगों की आंखें जांची

**हिसार।** अणुव्रत समिति द्वारा गांव कैमरी के श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में आंखों का निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अणुव्रत गीत से हुआ। गीतांजलि हस्पताल की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजुला और डॉ. दीपक गुप्ता के मार्गदर्शन में आंखों का चैकअप शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 120 से अधिक मरीजों के आंखों की जांच की गई और 20 लोगों को आप्रेशन के लिए चुना गया।

---

आरोपियों से हेरोइन, गांजा, शराब, अवैध हथियार बरामद

# हिसार पुलिस ने चलाया व्यापक सर्च अभियान, 14 आरोपी किए गिरफ्तार

शराब कारोबारियों तथा जुआरियों के ठिकानों पर दबिश दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण के तहत मंगलवार को जिलेभर में व्यापक सर्च अभियान चलाया गया।

अभियान में हिसार जिले के विभिन्न थानों और चौकियों से पुलिस टीमों के साथ-साथ सीआईए स्टाफ व एंटी नारकोटिक यूनिट की टीमें भी शामिल रहीं। कुल 18 पुलिस टीमें गठित की गईं, जिनमें पर्यवेक्षण अधिकारी, निरीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी शामिल रहे। अभियान के दौरान पुलिस द्वारा पीओ, बेल जंपर, वांछित अपराधियों, नशा तस्करों, अवैध हथियार व शराब कारोबारियों तथा जुआरियों के ठिकानों पर दबिश दी गई और कई आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की पहचान की गई। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में 14 आरोपियों की गिरफ्तारी किया। इनमें एक बेल जंपर भी शामिल है।



हांसा। ऑपरेशन आक्रमण के दौरान झोपड़ी की तलाशी लेते शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद व अन्य।

पुलिस ने एनडीपीएस, आबकारी अधिनियम, आर्म्स एक्ट आदि के अंतर्गत 13 के दर्ज कर 1.412 किलोग्राम गांजा, 54.32 ग्राम हेरोइन, 4 अवैध हथियार और 2 जिंदा कारतूस, 85 बोतल, 24 अद्दे व 141 पव्वे देसी शराब बरामद किए।

#### 2 साल से फरार गोलीकांड का आरोपी धरा गया

ऑपरेशन आक्रमण के तहत सीआईए ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए गांव दाहिमा निवासी नीतीश उर्फ पांडेय को गिरफ्तार किया है। करीब दो वर्ष पूर्व 4 सितम्बर 2023 को एचएयू गेट नंबर-4 के सामने स्थित ईलाइट रेस्ट हाउस के संचालक से 50,000 की मंथली मांगने और इनकार पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने के मामले में 2 वर्षों से फरार था। इस मामले में अब तक कुल 5 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

#### यातायात नियम उल्लंघन पर कार्रवाई

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से जिले के मुख्य मार्गों पर लेन ड्राइविंग नियम की अवहेलना करने वाले 10 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किए गए। इस दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा, लेन ड्राइविंग व ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया गया।

#### हांसी पुलिस ने अपराधियों पर चलाया ऑपरेशन आक्रमण

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के दिशा निर्देशानुसार व अपराधों पर रोकथाम लगाते हुए पुलिस जिला हांसी ने मंगलवार सुबह 5 से 9 बजे तक ऑपरेशन आक्रमण चलाया।पुलिस प्रवक्ता के अनुसार ऑपरेशन आक्रमण के विशेष अभियान में जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर अपराध जांच शाखा व थाना व चौकी स्तर पर कुल 17 टीमों का गठन किया गया जिसमें 153 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न अपराधों में संलिप्त 12 आरोपितों को काबू किया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत 6 मामले दर्ज करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 73 बोतल अवैध शराब, 4 लीटर कच्ची शराब बरामद की। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस ने अवैध हथियार, नशीले पदार्थो का सप्लायर तथा एक बेल जंपर व चोरी हुआ मोटरसाइकिल को बरामद किया। वहीं ट्रैफिक पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत यातायात नियमों का अवेहलना करने वाले 55 वाहनों के चालान किए।

---



हिसार। रग्बी प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी।

# रग्बी सीरीज में लगातार दो बार चैंपियन बना हिसार

- फाइनल मुकाबले में हिसार ने दादरी को 40-15 के ट्राई स्कोर से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मिल गेट स्थित ओपी जिंदल मेमोरियल पार्क में आयोजित की गई रग्बी सीरीज में विभिन्न जिलों की टीम ने भाग लेते हुए अपने खेल प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रग्बी सीरीज में चरखी दादरी, भिवानी, फतेहाबाद, हिसार, सोनीपत की टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में लीग मैच के पश्चात नॉकआउट मैच करवाए। रग्बी सीरीज में पहला मुकाबला हिसार और चरखी दादरी के बीच हुआ जिसमें हिसार के लड़कों की टीम ने चरखी दादरी को कुल 3-2 ट्राई के स्कोर से हरा दिया । अगले मैच में हिसार और भिवानी के मुकाबले में भिवानी की टीम ने हिसार को 12-0 के ट्राई स्कोर से हरा दिया । वही चरखी दादरी वह सोनीपत के मुकाबले में चरखी दादरी ने सोनीपत को 35-0 के ट्राई स्कोर से हराया। फाइनल के मुकाबले में हिसार ने दादरी को 40- 15 के ट्राई स्कोर से हराया। इस प्रकार हिसार ओवर ऑल प्रदर्शन से हिसार रग्बी सीरीज का चैंपियन बना। यह दूसरा मौका है जब हिसार लगातार रग्बी सीरीज का चैंपियन बना है। वही सीरीज का रनर अप का अवार्ड चरखी दादरी ने जीता। इस अवसर पर रेफरी की भूमिका में इंडियन आर्मी से रिटायर्ड कोच राजेश तक्षक में अपनी भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे त्रिलोक शर्मा ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। हिसार रग्बी संगठन के अध्यक्ष प्रवीण उड़ान, चेयरमैन विजेंद्र पंघाल, उपाध्यक्ष हरीश वर्मा, कोच अमरजीत व वरिष्ठ सहसचिव मनिक जागलान, सीएस स्पोर्ट्स अकादमी के कोच सतीश कुमार ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता सुपरवाइजर अजीत ने की। लाइनमैन की भूमिका में राहुल सांगवान जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संदीप सोनी, एडवोकेट मुकेश कुमार, दीपक कोहाड, प्रमोद कौशिक ने की।

---

# नपा ने दुकानदारों का सामान किया जब्त

- मुनादी करवाने के बाद भी दुकानदारों ने नहीं हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद




नारनौंद। पुराने बस स्टैंड पर दुकानों के बाहर रखा सामान उठाते हुए नगर पालिका कर्मचारी।

नगर पालिका ने मंगलवार को जींद हांसी सड़क मार्ग व बुडाना रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों द्वारा सड़कों पर रखा सामान पालिका कर्मचारियों ने जब्त कर लिया और पालिका में भेज दिया।

बता दें कि पिछले दिनों दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने से राहगीरों को हो रही परेशानी का मुद्दा पार्षदों की बैठक में उठा और निर्णय लिया गया था कि सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटवाया जाए। जानकारी के अनुसार नगर पालिका की तरफ से शहर में काफी दिनों से मुनादी करवाई जा रही थी कि जिन दुकानदारों ने अपना सामान दुकानों के बाहर सड़क पर रखा हुआ है। वह अपने सामान को दुकान के अंदर रख ले। लेकिन दुकानदारों ने सामान को सड़कों के बाहर ही रखना जारी रखा। मंगलवार को नगर पालिका की तरफ से कार्रवाई करते हुए जेई सुनील कुमार, विजय आदि ने कर्मचारियों के साथ दुकानदारों का सामान जब्त करके नगर पालिका में जमा कर दिया। इस संबंध में नगर पालिका सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि मुनादी करवाई गई थी। उसके बावजूद दुकानदारों ने सामान को बाहर ही सड़क पर रखा हुआ था। सामान को जब्त किया गया है। दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि वो भविष्य में दुकान का सामान सड़क पर न रखें।

# नगर निगम टीम ने रेड स्क्वेयर मार्केट से हटाया अतिक्रमण

- टीम ने लगभग 25 काउंटर व खोखे हटाकर कब्जे में लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम की तहबाजारी टीम ने मंगलवार को रेड स्क्वेयर मार्केट से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बीती रात को अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने रेड स्क्वेयर मार्केट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पाया कि रेड स्क्वेयर मार्केट में खोखे व काउंटर रखकर अवैध अतिक्रमण किया हुआ है। जिनकी आड़ में नशा किया जाता है। जिसको लेकर उन्होंने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि आज रेड स्क्वेयर मार्केट वह अतिक्रमण हटाया गया है जो स्थाई अतिक्रमण किया हुआ था। इसके साथ ही गणेश मार्केट से भी अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान टीम ने लगभग 25 के करीब काउंटर व खोखे हटाकर कब्जे में लिए। उन्होंने बताया कि सिरसा चुंगी पर सड़क पर रेहड़ी लगाने की सूचना पर कार्रवाई करने के लिए टीम ने वहां पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान तहबाजारी टीम के साथ जेई राजकुमार मौजूद रहे।



हिसार। खोखे को उठाकर ले जाती नगर निगम की टीम।

---



आदमपुर। बाल संस्कार शिविर के समापन समारोह पर उपस्थित बच्चे।

### भाविप का बाल संस्कार शिविर संपन्न

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद द्वारा संस्कार प्रकल्प के तहत तीन दिवसीय बाल संस्कार का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल ने बताया कि प्रांतीय टीम ऋषि राज बुडाकिया जिला अध्यक्ष, हुक्म चंद गोयल प्रांतीय गतिविधि संयोजक संस्कार और रामनिवास वर्मा प्रांतीय गतिविधि संयोजक सेवा ने कार्यक्रम मे पहुंच कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की । संजय बगडिया ने बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट को बेहतरीन ढंग से सिखाया। राजीव शंकर शर्मा जी सह संयोजक गतिविधि संस्कार ने बच्चों को नैतिक शिक्षा दी ।

# ट्रांसफार्मर से तार चुराने वाला काबू

- 10 किलोग्राम तांबे के तार और मोटरसाइकिल बरामद
- आरोपी ने पुलिस पूछताछ में कबूली चोरी की छह वारदातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

विशेष अभियान के तहत चौकी मंगाली पुलिस टीम ने एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए बिजली ट्रांसफार्मर से तार चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान इंद्रा कॉलोनी, सातरोड खुर्द निवासी सुरेंद्र उर्फ गंजा के रूप में हुई है।

आरोपी से पूछताछ में चोरी की गई 10 किलोग्राम तांबे की तार व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। चौकी प्रभारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि गांव मंगाली निवासी सुभाष ने गत 29 मई को पुलिस को शिकायत दी थी कि गांव में लगे बिजली ट्रांसफार्मर की तांबे की तार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर ली गई है। शिकायत पर थाना आजाद नगर में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी इंद्रा कॉलोनी, सातरोड खुर्द निवासी सुरेंद्र उर्फ गंजा को काबू किया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर बिजली ट्रांसफार्मरों से तार चोरी करता है। अब तक उसने 6 वारदातों को अंजाम देने की बात कबूली है।

इन वारदातों के संबंध में थाना अग्रोहा में अलग-अलग अभियोग दर्ज हैं। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अभियोग में आगे की जांच जारी है तथा फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# गली में खड़ी ई-रिक्शा का लॉक तोड़कर बैटरी चोरी

**हांसी।** अज्ञात चोर जगदीश कॉलोनी स्थित विजय क्लिनिक के पास गली में खड़ी ई-रिक्शा का लॉक तोड़कर चार बैटरियां चुरा कर ले गए। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना मिलने पर अनाज मंडी चौकी पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर ई-रिक्शा मालिक पंकज बत्रा की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पंकज बत्रा ने बताया कि उसके पास पांच से छह ई-रिक्शा हैं जिन्हें वह किराए पर चलवाते हैं और शाम को अपने रिक्शा गली में खड़ी करते हैं। पंकज बत्रा ने बताया कि उसे ई-रिक्शा से बैटरी को चोरी का पता सुबह उस वक्त चला जब सुबह ड्राइवर ई-रिक्शा लेने पहुंचे। तो उन्होंने रिक्शा से बैटरियां गायब पाई। इसके बाद उन्होंने गली में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो बैटरी चोरी की पुष्टि हुई। पंकज ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे दो संदिग्ध युवक कालोनी का मुआयना करते दिखाई दिए और इसके कुछ देर बाद एक बिना नंबर की स्विफ्ट कार में चार युवक मौके पर पहुंचे। उनमें से दो गाड़ी में ही बैठे रहे, जबकि दो युवक नीचे उतरकर सीधे ई-रिक्शा के पास पहुंचे। उन्होंने बताया कि युवकों ने नकाब से अपना चेहरा ढका हुआ था। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक चोर रात करीब 3:37 बजे पहुंचे और महज 10 मिनट में चार बैटरियां चोरी कर फरार हो गए।

---

### बुधला संत मंदिर से 27 को निकलेगी जगन्नाथ रथ यात्रा

**हिसार।** श्री भगवान जगन्नाथ व श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति, सेक्टर 14, हिसार के तत्वाधान में 27 जून को बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14 से दूसरी भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। धूमधाम से निकाले जाने वाली इस यात्रा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। समिति के सेवादारों रामधारी गोयल व पवन अग्रवाल ने बताया कि रथ यात्रा के उपलक्ष्य में 26 जून को सायं 5:15 बजे मंदिर प्रांगण में ठाकुरजी का नेत्रोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर लुवास के कुलपति नरेश जिंदल मुख्यातिथि के रुप में भाग लेंगे। अध्यक्षता रामलीला कमेटी कटला के पूर्व प्रधान सुरेन्द्र लाहौरिया करेंगे। दीप प्रज्ज्वलन समाजसेवी विजय कंसल करेंगे। सेवादारों आशीष गुप्ता, मोती कंसल व धीरज गर्ग ने बताया कि 27 जून को सायं 3:15 बजे भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी जो बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14 से चलकर पूरे क्षेत्र में घूमते हुए कोठी नम्बर 1007 पर सम्पन्न होगी। 28 जून को विश्राम स्थान पर विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

### योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र नागरिक न रहे वंचित : डीसी

**हिसार।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि जिला कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, मुख्यमंत्री अंतरजातीय विवाह शगुन योजना, डॉ. बीआर अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना और अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। कोई भी पात्र नागरिक सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत लाभ लेने के लिए आवेदक का बीपीएल परिवार से संबंधित होना, शादी के 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र के साथ आवेदन करना जरूरी है।

**सराहनीय** | गुजवि के फार्मेसी विभाग के एलुमनाई संगठन की संवेदनशील पहल

# पूर्व विद्यार्थी स्व. बाबू लाल के परिवार को आर्थिक मदद दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग की एलुमनाई एसोसिएशन ने अपने एक पूर्व विद्यार्थी स्वर्गीय बाबू लाल के परिवार की सहायता के लिए एक सराहनीय पहल की है।

बाबू लाल की असामयिक मृत्यु के बाद उनके परिवार पर आई आर्थिक चुनौतियों को देखते हुए एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्यों ने मिलकर 4 लाख रुपये की राशि इकट्ठा की।

यह राशि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के माध्यम से बाबू लाल के परिवार को दी गई। इस राशि से बाबू लाल के छोटे बेटे मिहिर के भविष्य के लिए पंजाब नेशनल बैंक में एक फिक्स्ड डिपॉजिट खोला जाएगा। यह फंड मिहिर की शिक्षा और करियर संबंधी जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगा। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने एलुमनाई एसोसिएशन की इस पहल की प्रशंसा की और कहा कि यह न केवल बाबू लाल जी के परिवार के लिए एक बड़ा सहयोग होगा, बल्कि यह विश्वविद्यालय के एलुमनाई और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच आपसी संबंधों को भी मजबूत करेगा। विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुनील शर्मा ने कहा कि एलुमनाई एसोसिएशन का यह प्रयास न केवल एक जरूरतमंद परिवार की सहायता करना है, बल्कि यह विश्वविद्यालय के आदर्शों और मूल्यों को भी प्रतिबिंबित करता है। एसोसिएशन के प्रधान डॉ. मनोज मैडल ने बताया कि संगठन के सभी सदस्य एक दूसरे की सहायता करने के लिए हमेशा तत्परता के साथ खड़े हैं।



हिसार। बाबू लाल के परिवार को दी जाने वाली सहयोग राशि का चैक कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को सौंपते विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील शर्मा एवं एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्यगण।